शीतला कांप्लेक्स व्यावसायिक योजना के लिए व्यापारियों के साथ हुई निगम के अधिकारियों की बैठक

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शीतला कांप्लेक्स व्यावसायिक योजना कैंप 2 पावर हाउस भिलाई स्थित दुकानों के संबंध में दुकानों को व्यवस्थित करने हेतु निगम के अधिकारियों ने व्यापारियों से सार्थक चर्चा की! महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव की अध्यक्षता में दिनांक 10 जून 2019 को समीक्षा बैठक के दौरान चर्चा आयोजित हुई थी ,जिसमें यह बात सामने आई कि विघटित साडा के समय शीतला कांप्लेक्स व्यावसायिक योजना में दुकानों का आबंटन किया गया था! वर्तमान में दुकानें काफी जर्जर हो चुकी हैं , कई दुकान बंद भी है! इसको देखते हुए निगम द्वारा दुकानों के पुनरुद्धार/पुन:र्निर्माण किए जाने की योजना तैयार की जा रही है जिसके लिए व्यापारियों की सहमति लेकर नियमानुसार निगम की योजना संचालित किया जाना है! इस संबंध में महापौर श्री यादव द्वारा संबंधित व्यापारी संघ के साथ बैठक कर चर्चा उपरांत निर्णय लिए जाने का निर्देश दिया गया था! जिस पर व्यवसाय करने वाले नारायण राव , डी कनकराज, सोनी सर्विस के संचालक मनोज सोनी, राज मोबाइल के संचालक , मोहम्मद आरिफ, वीके जैन, वी.वी. राव, गणेश सोनी आदि के साथ दिनांक 1 जुलाई 2019 को समय 4:00 बजे निगम के अधिकारियों के समक्ष मुख्य कार्यालय के लोक कर्म प्रभारी के कक्ष में बैठक आयोजित हुई, जिसमें व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया जिस पर अधिकारियों ने समस्याओं को लिखित में प्रदाय करने कहा है ताकि उचित निर्णय लिया जा सके एवं निगम के अधिकारियों के साथ मानचित्र को देखकर शीतला कांप्लेक्स व्यवसायिक योजना के तहत दुकानों को बेहतर करने हेतु गहन चर्चा की गई! इन चर्चाओं में हुई महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्य योजना तैयार की जानी है! बैठक में महापौर परिषद के सदस्य एवं लोककर्म प्रभारी नीरज पाल, अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह, उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं व्यापारी सहित अन्य मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है , जल ही जीवन है